... ओर से कस्बे के मुख्य बाजार में शुक्रवार शाम 7:00 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्याम की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी तथा गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# संगोष्ठी में बताई जैविक खेती की उपयोगिता

**भास्कर न्यूज़। हिंदूपुरा**

ग्राम पंचायत हिंदूपुरा के डिडवाडी गांव में प्रो ऑर्गेनिक संगोष्ठी का आयोजन कट्स संस्था दयाल फाउंडेशन व नेहरू युवा मंडल डिडवाडी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

संगोष्ठी मुख्य वक्ता कट्स निदेशक दिलीप सक्सेना ने बताया कि आज के हालत को देखते हुए जैविक खेती अपनाना जरुरी है। कट्स द्वारा सवाईमाधोपुर जिले के दो ब्लॉक बौंली और सवाईमाधोपुर की क्रमशः हिंदूपुरा, गालद कलां, भदलाव, कुस्तला ग्राम पंचायत का चयन हुआ है। हिंदूपुरा कृषि पर्यवेक्षक प्रेमनारायण बैरवा ने कृषि योजनाओं एवं फसल बीमा की जानकारी दी। इसी प्रकार शक्ति मिनी ट्रैक्टर के सेल्स मैनेजर वीरेंद सिंह ने तकनीकी जानकारी दी। कट्स कंसल्टेंट संतोष स्वामी ने जैविक खेती की जानकारी देते हुए जैविक खेती के लाभ बताए और जैविक खेती के नवाचार की जानकारी दी। इस दौरान 101 बीघा भूमि पर जैविक खेत के लिए ग्राम डिडवाडी के किसानों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई लोग मौजूद रहे।



हिंदूपुरा। ग्रामीणों को जैविक खेती के बारे में जानकारी देते वक्ता।

# जिले का आदर्श जैविक गांव बनाने पर किया विचार विमर्श

P3 Police Public Politics

दौसा ! ग्राम बिच्छा के अंदर आईटी केंद्र पर जैविक जागरूकता अभियान कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ ! कट्स इंटरनेशनल जयपुर से कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा जैन ने बताया कि प्रोस्कोप परियोजना 12 जिलों में क्रियान्वयन कराई जा रही है जिसमें दौसा जिले की जिम्मेदारी ओ पी पारीक को दी गई है और सभी जिलों के अंदर एक एक जैविक आदर्श गांव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है उसमें यह देखते हैं कि सबसे पहले कौन से जिले से इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा , उसी उम्मीद से हम आशा करते हैं कि यहां किसान और पारीक जी का समन्वय स्थापित होने से इस कार्य में श्रेष्ठाता के साथ पारदर्शिता से यह कार्य आगे बढ़ेगा जिससे सरकार और  कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र सभी किसान हित में जो कार्य कर रहे हैं वह भी इस गांव को निश्चित तौर पर आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकेंगे । उसके बाद सहायक कृषि अधिकारी रामगढ़ पचवारा जगदीश



प्रसाद ने बताया कि विभाग से संबंधित पारंपरिक कृषि विकास योजना जैविक खेती को लेकर के कार्य कर रही है और संभवत जो भी हमारे द्वारा किसान हित में काम हो सकेंगे उसमें हम स्वयं आगे आकर के इस कार्य को आगे बड़वाने में सहयोग प्रदान करेंगे सहायक कृषि अधिकारी ओ पी गुप्ता ने बताया कि उद्यान से संबंधित जो भी कार्य हो सकता है इस क्षेत्र में या विभाग द्वारा जो भी छूट प्रदान होती है उसमें जो मदद हो सकती है वह करवाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं या आपका सहयोग करते रहेंगे  अंत में जिला कंसलटेंट ओ पी पारीक ने बताया कि जैविक खेती के साथ-साथ एक जैविक आदर्श गांव अगर बनता है या इस कार्य को आगे ले जाने में सफलता मिलती है तो जो उत्पाद निकल कर आएगा उसकी व्यापार की व्यवस्था कराने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# कट्स की जैविक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

## बाबर माल ग्राम बनेगा जैविक

**उदयपुर, समाचार जगत ब्यूरो।** केवड़ा कला ग्राम पंचायत के बाबर बाबर माल गांव में कट्स एवं पर्यत्न समिति के सहयोग से प्रॉस्कॉप परियोजना के अंतर्गत जैविक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में कट्स जयपुर से पधारे राजदीप पारीक में बताया कि प्रोस्कोप परियोजना के अंतर्गत उदयपुर जिले के दो पंचायत समितियों में काम किया जाएगा और मॉडल ऑर्गेनिक विलेज बनाए जाएंगे इसके लिए सराडा पंचायत समिति में बाबर माल गांव का चयन किया गया है।



प्रयत्न समिति के अनिल व्यास ने बताया कि प्रो स्कोप परियोजना राजस्थान राज्य के 12 जिलों में चलाई जा रही है जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किसानों और उपभोक्ताओं को जैविक उपभोग एवं उत्पादन के लिए जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग के कृषि अधिकारी जीवाराम ने किसानों को संबोधित करते हुए जैविक खेती में उपयोग में ली जाने वाली विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जैविक कृषि में वर्मी कंपोस्ट, जीवामृत, हर्बल स्प्रे, घन जीवामृत आदि बनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। सहायक कृषि अधिकारी विनोद परमार ने जैविक खेती को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक राहुल पुरबिया ने बताया कि इस गांव को परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जोड़ा गया है, जिसमें की किसानों ने जैविक खेती की शुरुआत की है। बाबर माल गांव के वार्ड पंच किशनलाल ने विश्वास दिलाया की इस परियोजना में सभी ग्राम वासियों की तरफ से वांछित सहयोग मिलेगा और हम इस गांव को अपने प्रयासों से जैविक गांव बनाएंगे। अनिल व्यास ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

# जिले में बनेगा एक जैविक गांव

## सियापुर में ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यशाला



जैविक खेती पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ता।

बांसवाड़ा| स्वयं सेवी संगठन कट्स मानव विकास केन्द्र द्वारा बुधवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र सियापुर में ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यशाला हुई। कट्स के सहायक निदेशक गौहर महमूद बताया कि प्रो-स्कोप परियोजना प्रदेश के 12 जिलों में संचालित की जा रही है। सभी जिलो में जैविक गांव बनाया जाएगा। कट्स के कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल कीर ने परियोजना के उद्देश्य एवं प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि परियोजना के अन्तर्गत जिले की पंचायत समिति बांसवाड़ा एवं घाटोल के चयनित गावों में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पलोदरा विद्यालय के महेन्द्र पटेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए जैविक उपभोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्कूली बच्चों में जैविक खेती के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में चित्रेश सोनी ने किसानों को जैविक खेती की आवश्यकता, महत्व एवं जैविक खेती के अन्तर्गत योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, हर्बल स्प्रे आदि बनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन उदयलाल गायरी ने किया गुरुवार को पंचायत समिति घाटोल के गांव सेनावासा में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

# कन्नौज, सुखवाड़ा में किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

कट्स मानव विकास केन्द स्वीडीष सोसायटी ओर नेचर कंन्जरर्वेषन के सहयोग से राजस्थान में उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुऐ सतत् उपभोग की जीवन शैली एंव संस्कृति को बढ़ावा देने के उदेश्य से भदेसर पंचायत समिति की कन्नौज, सुखवाडा ग्राम पंचायत मे ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में कट्स के उप केन्द समन्वयक मदन गिरी गोस्वामी ने स्वागत उद्बोधन देते हुऐ परियोजना के उदेश्यों एवं गतिविधियो के बारे में जानकारी दी। कट्स कार्ट जयपुर से प्रतिभा जैन किसानों को जैविक खेती के फायदों ओर रसायन खेती के दुषप्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजाराम सुखववाल ने भी उद्यान संबंधित सरकारी योजना के बारे मे जानकारी देते हुऐ बताया कि जैविक खेती आज के युग की जरूरत है। कन्नौज की सामाजिक कार्यकर्ता गीता शर्मा ने खेती में व्यर्थ जाने वाली वस्तुओं से कोयला एवं पॉलीथिन के बारे में जानकारी दी। जैविक खेती करने वाले जागरूक किसान रामेश्वरलाल धाकड़, खाजूखान रूकसाना बानू, फतेहलाल धाकड़ एवं किशंनलाल धाकड़ ने विचार व्यक्त किए। संचालन कट्स गायत्री मोड एवं गोवर्धनलाल पारीक ने आभार व्यक्त किया।

# कट्स मानव विकास केन्द्र के जैविक खेती जागरुकता अभियान में सराहनीय प्रयास

**बन्शीलाल धाकड़ राजपुरा (हैलो राजस्थान, पत्रिका)।** छोटीसादड़ी तहसील के ग्राम महुडीया और दूधी तलाई को सम्पूर्ण जैविक गांव बनाने के उद्देश्य से पंच वर्षीय योजना में शामिल किया गया इसके लिए महुडीया और दूधी तलाई के समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रतापगढ़ जिले के छोटी सादड़ी तहसील की ग्राम पंचायत हड़मतिया जागीर मै दूधी तलाई गांव में कट्स मानव विकास केंद्र चित्तौड़गढ़ द्वारा जैविक खेती जागरुकता की बैठक हुई सम्पन्न 20 जून 2022 को राधा कृष्ण मंदिर में, जैविक खेती आज की जरूरत है किसान मांगीलाल जनवा ने बताया की जैविक खेती के क्या फायदे है और हम किस तरह से कार्य कर सकते हैं उसके फायदे और नुकसान के बारे में बताएं घनश्याम धाकड कृषि सलाहकार ने भी जैविक खेती के लिए वर्मी बेड लगाकर गोबर का खाद किस तरह से तैयार करके खेतों में डाला जा सकता है और सरकार द्वारा जैविक गांव कैसे बन सकता है साथ ही जैविक खेती में किसानों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकता है उसके बारे में किसानों को समझाया इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और जैविक खेती करने के बारे में प्रेरित किया इसी के साथ सरपंच बाबरी देवी ने भी अपने विचार बताएं की जैविक खेती करना बहुत जरूरी है स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है और इससे फसलें स्वादिष्ट व गुणवत्ता वाली होती है, कट्स मानव



विकास.केन्द्र चित्तौड़गढ़ उप केंद्र समन्वयक श्रीमान मदन गिरी गोस्वामी ने जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त करतें हुए बताया कि बहुत अधिक रसायनों के प्रयोग से मृतप्राय हो चुकी मिट्टी को गोबर गौमुत्र और जीवामृत का उपयोग करके पुनः संजीव बनाया जा सकता है, और रसायनों का हमारी सेहत पर क्या दुष्प्रभाव हो रहा है,इस पर जानकारी दी, कट्स द्वारा संचालित प्रो ऑर्गेनिक जैविक खेती राजस्थान में परियोजना संचालित की जा रही है उसके बारे में कट्स संस्था के बारे में बताया की जैविक खेती अभी जो किसान लोग कर रहे है और आगे किस दिशा की और जाना है उसके बारे में भी किसानों से सुझाव लिए एवं आवश्यक सवाल जवाब के बाद इसी क्रम में कार्यक्रम सहायक गोवर्धन लाल पारीक ने जैविक खेती पर बनीं राजीव दीक्षित जी की फिल्म के जरिए जैविक खेती का संदेश दिया एवं जो किसान जैविक खेती करना चाहते हैं उनको आगे किस दिशा की ओर बढ़ना है जो किसान जैविक खेती कर रहे हैं हम उनको देखते हुए सभी किसान जैविक खेती करें ए पीओके डायरेक्टर परसराम धाकड़ ने भी किसानों को जैविक खेती करने के लिए बताया और कहा कि हम एफ पी ओ से जुड़ कर किस प्रकार अपना खुद का व्यापार कर सकते हैं,और अधिक मुनाफा लेकर खेती को लाभकारी बना सकते है।

# गोलाना ग्राम पंचायत को पूर्ण जैविक बनाया जाएगा

झालावाड़ 23 जून ''पाटन एक्सप्रेस दै.''। आने वाले 5 सालों में गोलाना ग्राम पंचायत को जैविक बनाने पर कार्य किया जाएगा। उक्त विचार कट्स द्वारा आयोजित ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यशाला में कट्स जयपुर के राजदीप पारीक ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया की कट्स संस्थान जयपुर एवं स्वीडिश सोसायटी फॉर नेचर कंजर्वेशन के सहयोग से सामाजिक विकास संस्थान की सहायता से प्रो–स्कोप परियोजना के तहत आगामी 5 वर्षों में जिले के दो ब्लॉक झालरापाटन और खानपुर की दो –दो ग्राम पंचायतों में कार्य किया जाएगा।

सामाजिक विकास संस्थान के नाथूराम चौधरी ने बताया कि इन पंचायतों में जैविक जागरूकता कार्यक्रम, किसान प्रशिक्षण एवं भ्रमण, जैविक मेलों का आयोजन, विद्यालय में जैविक गार्डन का विकास आदि गतिविधियों के माध्यम से कार्य किया जाएगा।

कार्यशाला में कृषि पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम ने बताया कि किसानों को जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाना होगा। बैठक में प्रगतिशील किसान रूपचंद ने बताया कि वर्तमान में जैविक खेती की जानकारी दी।

# कार्यशाला में दी जैविक खेती की जानकारी




निवाणा. देवथला गांव के स्वामियों की ढाणी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कार्यशाला के दौरान उपस्थित किसान व संस्थान के लोग।

**निवाणा @ पत्रिका.** देवथला गांव के स्वामियों की ढाणी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को कट्स एवं आत्मा संस्थान जगमालपुरा के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में जैविक खेती को बढ़ावा देने को लेकर जानकारी दी गई। कट्स संस्था की प्रोग्रामिंग अधिकारी मिनिषा शर्मा ने बताया कि देवथला व बाढ़ देवथला गांव में किसानों को जैविक खेती का प्रबंधन, वर्मीकम्पोस्ट व जीवामृत आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। 5 साल में गांव को आर्गेनिव (जैविक) खेती गांव बनाने क लक्ष्य रखा है। आत्मा संस्थान वे विनोद शर्मा ने कहा कि जैविव खेती को बढ़ावा देना ही परम्परागत कृषि संस्कृति को पुनर्जीवित करन है। कार्यशाला के दौरान 6( किसानों ने जैविक खेती के लिा पंजीयन करवाया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जयपु जिला जैविक खेती प्रमुख जगदीश कनिनवाल, कर्ण सिंह शेखावत विनोद यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।